प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यभर में शहरी क्षेत्र में 20 पैसे और ग्रामीण क्षेत्र में 40 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर की हुई बढ़ोत्तरी, कृषि उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ में कोई भी बढ़ोतरी नहीं, नयी दर आज से लागू।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में भारत के पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 का करेंगे शुभारंभ।
3. आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता अभी बने रहेंगे झारखंड के पुलिस महानिदेशक, पद पर बने रहने के लिए राज्य सरकार ने गृह मंत्रालय से पुनर्विचार का किया आग्रह।
4. अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज राज्यभर में मजदूर संगठनों का कार्यक्रम।
5. झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में बालक और बालिका दोनों वर्गों में रांची की टीम बनी चैंपियन।

*******************

झारखंड में बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी की गयी है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब 6 रूपये तीस पैसे की जगह 6 रूपये 70 पैसे प्रति यूनिट देने होंगे। वहीं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता को 6 रूपये पैंसठ पैसे की जगह 6 रूपये पचासी पैसे प्रति यूनिट देना होगा। बढ़ी हुई दर आज एक मई से प्रभावी हो गयी है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग के सदस्य अतुल कुमार ने कहा कि कृषि उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। फिक्स रिचार्ज को भी पूर्ववत रखा गया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में भारत के पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 का शुभारंभ करेंगे। चार दिन के सम्मेलन का मुख्य विषय है – क्रिएटर्स और देशों को एकजुट करना।

*******************

भारतीय जनता पार्टी ने जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा पिछड़े समाज को हक देने का पक्षधर रही है।

इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी जाति जनगणना के फैसले की सराहना की है। वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने देश में जनगणना के बाद परिसीमन कराने की मांग की है। ताकि यह स्पष्ट हो जाये कि किस क्षेत्र को आरक्षण की श्रेणी में रखा जाये और किसको नहीं।

*******************

आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता अभी झारखंड के डीजीपी बने रहेंगे। इस संबंध में राज्य सरकार ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर श्री गुप्ता के डीजीपी बने रहने के लिए पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। बता दें कि गृह मंत्रालय ने राज्य की मुख्य सचिव को पत्र भेजकर 30 अप्रैल 2025 को डीजीपी अनुराग गुप्ता को रिटायर किये जाने का निर्देश दिया था। इधर अनुराग गुप्ता ने कल शाम मुख्यमंत्री से मुलाकात की, जिसके बाद सरकार की ओर से गृह मंत्रालय को पत्र भेजा गया।

*******************

आजसू पार्टी के नेता संजय मेहता ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नाइजर में भारत की राजदूत सीता राम मीना को पत्र लिखकर गिरिडीह जिले के पांच मजदूरों की सुरक्षित वापसी का आग्रह किया है। इन मजदूरों का नाइजर में अपहरण कर लिया गया है। इधर जानकारी के अनुसार भारतीय दूतावास ने मजदूरों की वापसी को लेकर कार्रवाई शुरू कर आजसू पार्टी को इसकी सूचना दी है।

*******************

आज अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस है। मौके पर राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मजदूर संगठनों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान शहीदों मजदूरों को याद किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम एचईसी में शाम 5 बजे हटिया मजदूर यूनियन के कार्यालय के समीप मैदान में आयोजित होगा।

*******************

कृत्रिम मोती की खेती में बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। रांची में भी बुधन सिंह पूर्ति ने इस दिशा में कदम उठाया है और सफलता हासिल की है।

*******************

मौसम विभाग ने झारखंड के विभिन्न जिलों में चार मई तक बादल छाये रहने और बारिश होने की संभावना जतायी है। विभाग ने दो मई तक गर्जन, वज्रपात और तेज गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने मई के दूसरे हफ्ते में पूरे झारखंड में प्रचंड गर्मी पड़ने की भी संभावना जतायी है।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीएस संजीव लाल के खिलाफ टेंडर घोटाला और कमीशन मामले पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई होगी। इससे पहले आरोपियों को इडी कोर्ट जमानत देने से इनकार कर चुकी है।
- 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सभी जिला न्यायालयों से संबंधित पत्रों को नोटिस भेजा जा रहा है।
- स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की हत्या के दो आरोपियों मनोहर कुमार सिंह और संजय सिंह को हाईकोर्ट ने 25–25 हजार के निजी मुचलके और आधार कार्ड में बदलाव नहीं करने और ट्रायल के दौरान गवाहों को प्रभावित नहीं करने की शर्त पर बेल दे दी है।
- जामताड़ा पुलिस ने नारायणपुर थाना अंतर्गत केदूआटांड़ गांव के समीप जंगल से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

*******************

झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में बालक और बालिका दोनों वर्ग में रांची की टीमें चैंपियन बनी। बालक वर्ग में रांची ने गढ़वा को 29–12 से पराजित किया जबकि बालिका वर्ग में रांची ने धनबाद को 38–18 से शिकस्त दी।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने देश में राष्ट्रीय जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार के निर्णय को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने इस पर लिखा है– मोदी सरकार देश में पहली बार करायेगी जातिगत जनगणना।

दैनिक भास्कर ने झारखंड में बिजली की दर बढ़ाये जाने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की खबर है– आइसीएसई बोर्ड की दसवीं में जमशेदपुर की शांभवी बनी नेशनल टॉपर।

दैनिक जागरण ने राज्य में मोटे अनाज को बढ़ावा देने पर जोर देने की कृषि मंत्री की प्रतिबद्धता को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार द टाईम्स ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे से वापसी और झारखंड में निवेश की प्रबल संभावनाओं को जगह दी है। हिंदुस्तान टाइम्स ने देश में जातिगत जनगणना कराने के फैसले को झामुमो से मिली सराहना प्रमुखता से प्रकाशित किया है।